हिंदी दैनिक

# उदय समाचार

एक नई सोच

वर्ष : 01 अंक : 197 कानपुर, शुक्रवार 15 जुलाई 2022 पृष्ठ :4 मूल्य : 2 रुपये

## सिपाही की मौत के बाद जागा नगर निगम, कानपुर के सभी खुले नाले होंगे बंद

## वर्चुअल शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी बोले- कॉपरेटिव फ्रेमवर्क व्यावहारिक सहयोग का एक अच्छा मॉडल

संयुक्त अरब अमीरात चार देशों के समूह आई2यू2 के तहत पूरे भारत में एकीकृत फूड पार्कों की एक श्रृंखला विकसित करने के लिए 2 बिलियन अमरीकी डालर का निवेश करेगा। गुरुवार को आई2यू2 नेताओं के पहले वर्चुअल शिखर सम्मेलन में यह भी कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, इजरायल के प्रधान मंत्री यायर लापिड और संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान एक संकर अक्षय ऊर्जा परियोजना को आगे बढ़ाएगें। इसके तहत गुजरात में 300 मेगावाट पवन और सौर ऊर्जा उत्पन्न करने की क्षमता वाली परियोजना और बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणालियों द्वारा पूरक किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को आई2यू2 वर्चुअल शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज की इस पहली समिट से ही आई2यू2 ने एक सकारात्मक एजेंडा स्थापित कर लिया है। हमने कई क्षेत्रों में संयुक्त परियोजनाएं की पहचान की है, और उनमें आगे बढ़ने का रोडमैप भी बनाया है। आई2यू2 फ्रेमवर्क के तहत जल, ऊर्जा, परिवाहन, स्वास्थ्य, स्पेस और खाद्य सुरक्षा के लिए 6 महत्वपूर्ण क्षेत्रों में संयुक्त निवेश बढ़ाने के लिए सहमत हुए हैं। बढ़ती हुई वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच हमारा कॉपरेटिव फ्रेमवर्क व्यावहारिक सहयोग का एक अच्छा मॉडल है। मुझे पूरा विश्वास है कि आई2यू2 से हम वैश्विक स्तर पर ऊर्जा सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा और आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण योगदान करेंगे। आई2यू2 समूह की पहली नेताओं की बैठक में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि आज हम जिन चुनौतियों का सामना कर रहे हैं उनमें तेजी से जलवायु संकट या बढ़ती खाद्य असुरक्षा शामिल है। यूक्रेन के खिलाफ रूस के क्रूर हमले से अस्थिर बाजारों को और भी बदतर बना दिया गया है।आई2यू2 समूह की पहली नेताओं की बैठक में इस्राइल के प्रधानमंत्री यायर लापिड ने कहा कि वास्तविक समाधान केवल उन देशों के माध्यम से आएगा जो संसाधनों को एक साथ लाना जानते हैं। हम दुनिया को बेहतर के लिए बदलना चाहते हैं। हमारा लक्ष्य निजी बाजार को भागीदार बनाना है। 4 अलग–अलग देश होने के बावजूद यह स्पष्ट है कि हम सभी एक ही चीज चाहते हैं जिसमें बुनियादी ढांचे का विकास, बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा शामिल है और पर्यावरण को होने वाले नुकसान को कम करना है। शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी ने कहा कि आई2यू2 ने अपने पहले शिखर सम्मेलन से ही एक सकारात्मक एजेंडा स्थापित किया है और यह ऊर्जा सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा और आर्थिक विकास के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान देगा। उन्होंने कहा कि समूह की सहकारी रूपरेखा बढ़ती वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच व्यावहारिक सहयोग के लिए



एक अच्छा मॉडल है। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि आई2यू2 के साथ हम वैश्विक स्तर पर ऊर्जा सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा और आर्थिक विकास की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।एक संयुक्त बयान में कहा गया है, चार देशों के अनूठे समूह का उद्देश्य हमारे समाज की जीवंतता और उद्यमशीलता को दुनिया के सामने आने वाली कुछ सबसे बड़ी चुनौतियों से निपटने के लिए प्रयोग करना है। इसमें संयुक्त निवेश और स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा, पानी, ऊर्जा, परिवहन, अंतरिक्ष में नई पहल पर विशेष ध्यान दिया गया है।

## राष्ट्रीय दलों को मिलने वाले चंदे में 2020-21 में 41.49 प्रतिशत गिरावट

मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को वित्त वर्ष 2020–21 में मिले चंदे में इससे पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 420 करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट आयी है, जो 41.49 प्रतिशत है. चुनावों से संबंधित विश्लेषण करने वाले समूह एडीआर ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी. वित्त वर्ष 2020–21 के शुरू होने से कुछ दिन पहले ही कोविड महामारी की पहली लहर आयी थी और देश भर में लॉकडाउन लगाया गया था.

### भाजपा के चंदा में 39.23 फीसदी की गिरावट

द एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने एक बयान में कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चंदे में 39.23 प्रतिशत की गिरावट आयी, जो वर्ष 2019–20 में 758.77 करोड़ रुपये से गिरकर वर्ष 2020–21 में 477.54 करोड़ रुपये रह गया. इससे पहले वर्ष 2018–19 की तुलना में 2019–20 में पार्टी को मिलने वाला चंदा 5.88 प्रतिशत बढ़ गया था.

### कांग्रेस के चंदे में 46.39 फीसदी की गिरावट

कांग्रेस को मिले चंदे में 46.39 प्रतिशत की गिरावट आयी, जो वर्ष 2019–20 में 139.016 करोड़ रुपये से गिरकर 2020–21 में 74.524 करोड़ रुपये रह गया. बयान के अनुसार, वर्ष 2018–19 से 2019–20 के बीच कांग्रेस का चंदा 6.44 प्रतिशत घट गया था.

### राष्ट्रीय दलों को दिल्ली से मिले 246 करोड़ रुपये

राष्ट्रीय दलों को दिल्ली से कुल 246 करोड़ रुपये, महाराष्ट्र से 71.68 करोड़ रुपये तथा गुजरात से 47 करोड़ रुपये से अधिक का चंदा मिला था. भाजपा, बहुजन समाज पार्टी (बसपा), कांग्रेस, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी–मार्क्सवादी (माकपा), तृणमूल कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) और नेशनल पीपुल्स पार्टी देश के 8 मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय दल हैं.

### कॉर्पोरेट, व्यावसायिक क्षेत्र ने राष्ट्रीय दलों को 480.655 करोड़ रुपये दान दिये

कॉर्पोरेट और व्यावसायिक क्षेत्र ने राष्ट्रीय दलों को 480.655 करोड़ रुपये का दान दिया, जो कुल दान का 80 प्रतिशत से अधिक था, जबकि 2,258 व्यक्तिगत दाताओं ने वित्त वर्ष 2020–21 के दौरान इन पार्टियों को कुल 111.65 करोड़ रुपये या 18.804 प्रतिशत का योगदान दिया.

## जेएमएम ने राष्ट्रपति चुनाव में द्रौपदी मुर्मू को समर्थन देने का ऐलान किया, कांग्रेस के साथ गठबंध में है पार्टी

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने गुरुवार को कहा कि वह 18 जुलाई को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में एनडीए उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू का समर्थन करेगा। इसके साथ ही एक और विपक्षी दल मुर्मू के पक्ष में खड़ा हो गया है। मुर्मू झारखंड की पूर्व राज्यपाल भी हैं। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली झामुमो राज्य में कांग्रेस के साथ गठबंधन में है। इससे पहले, मुर्मू ने झारखंड का दौरा किया था और देश के सर्वोच्च पद के लिए सोरेन सरकार का समर्थन मांगा था। उन्होंने अपने चुनाव के लिए सत्तारूढ़ आदिवासी पार्टी झामुमो और राज्य में भाजपा विधायकों व सांसदों से भी समर्थन मांगा था। उन्होंने राज्य में एनडीए विधायकों और सांसदों के अलावा



झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पिता शिबू सोरेन से मुलाकात भी की थी। मुर्मू और सोरेन दोनों आदिवासी नेता हैं और संथाल जातीय समूह से ताल्लुक रखते हैं। इस समूह की झारखंड के साथ–साथ ओडिशा में भी बड़ी आबादी है। मुर्मू ओडिशा की रहने वाली हैं।

## सीएम योगी ने कोटेदारों को दिया तोहफा, अब मिलेगा आर्थिक सशक्तिकरण का डबल डोज

प्रदेश के राशन के करीब 80 हजार उचित दर विक्रेताओं (कोटेदारों) को गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आर्थिक सशक्तिकरण की डबल सौगात दी। कोटेदारों को सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) या जनसेवा केंद्र के रूप में और सक्षम बनाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में जहां प्रदेश सरकार तथा सीएससी ई–गवर्नेंस सर्विस इंडिया लिमिटेड के बीच एमओयू का आदान प्रदान हुआ वहीं इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कोटेदारों के लिए राशन वितरण पर प्रति क्विंटल 20 रुपये लाभांश वृद्धि की घोषणा भी की। कोटेदारों का लाभांश प्रति क्विंटल 70 से बढ़कर 90 रुपया हो गया है। इस लाभांश वृद्धि से सरकार के खजाने पर करीब 200 करोड़ रुपये का वार्षिक व्यय भार पड़ेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ने राज्य सरकार जल्द ही प्रदेश भर की सभी उचित दर की दुकानों का और अपग्रेडेशन करने जा रही है। इससे कोटेदार और सशक्त बनेंगे और राशन वितरण के साथ अन्य सुविधाओं का लाभ आमजन को और तत्परता से प्राप्त होगा। योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में सीएम योगी ने कहा कि सीएससी के रूप में उचित दर की दुकानों के विक्रेताओं को सक्षम बनाने तथा लाभांश में 20 रुपये की वृद्धि प्रदेश के 80 हजार कोटेदारों के जीवन में व्यापक परिवर्तन लाने का अभियान है। प्रदेश में 15 करोड़ लोग कोटेदारों से खाद्यान्न प्राप्त करते हैं, इसके बावजूद कई बार कोटेदारों को हेय दृष्टि से देखा जाता था। इस सोच में परिवर्तन लाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से तकनीकी आधारित अभियान प्रारंभ किया गया। कहा कि कोटे की दुकानों को तकनीक से जोड़ना वर्ष 2017 के पहले तक उत्तर प्रदेश के लिए सपना था। पर, निर्धारित समय सीमा में 80 हजार कोटे की दुकानों पर सरकार ने ई–पास मशीन की सुविधा सुनिश्चित की। इसका परिणाम



रहा कि कोरोना संकटकाल में भी 15 करोड़ लोगों को बिना संकट राशन मिलता रहा। कोरोना के दौर में भी यूपी में कोटेदारों के सहयोग से जितनी अच्छी राशन वितरण व्यवस्था हुई, उसकी सर्वत्र सराहना की जाती है।

## विश्व के 50 सर्वश्रेष्ठ स्थानों की सूची में अहमदाबाद शामिल, जेपी नड्डा बोले- यह उपलब्धि गौरवान्वित करने वाली

भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने टाइम पत्रिका द्वारा वर्ष 2022 में विश्व के सर्वश्रेष्ठ स्थानों की सूची में भारत के अहमदाबाद को शामिल किए जाने पर बृहस्पतिवार को देशवासियों खासकर गुजरात के लोगों को बधाई दी और कहा कि यह उपलब्धि गौरवान्वित करने वाली है। ज्ञात हो कि टाइम पत्रिका ने वर्ष 2022 में विश्व के सर्वश्रेष्ठ स्थानों की सूची में भारत के शहर अहमदाबाद और केरल राज्य को शामिल किया है। इन दोनों स्थानों को घूमने–फिरने के लिए 50 असाधारण स्थलोंं के रूप में चुना है। पत्रिका ने कहा कि भारत के पहले यूनेस्को विश्व धरोहर शहर अहमदाबाद में प्राचीन और आधुनिक नवाचार दोनों हैं, जो इसे सांस्कृतिक पर्यटन का केंद्र बनाते हैं। नड्डा ने ट्वीट कर कहा, भारत के पहले यूनेस्को विश्व धरोहर शहर अहमदाबाद को अब टाइम पत्रिका द्वारा विश्व के 50 सर्वश्रेष्ठ स्थानों में शामिल किए जाने पर हर नागरिक, खासकर गुजरात की जनता को बधाइयां। यह



उपलब्धि हम सभी को गौरवान्वित और खुशी का अनुभव कराने वाली है। एक अन्य ट्वीट में उन्होंने कहा, नरेंद्र मोदी ने 2001 में जब से गुजरात के मुख्यमंत्री का कार्यभार संभाला, उन्होंने हमेशा विश्व स्तरीय और भविष्योन्मुखी अवसंरचना विकास पर जोर दिया। मूलभूत सुविधाएं और विकास को लेकर यह उनका ही रुख था, जिसने यह संभव कर दिखाया और इससे अब देश को मदद भी मिल रही है। टाइम पत्रिका के अनुसार, अहमदाबाद में साबरमती नदी के तट पर 36 एकड़ में बसे शांत वातावरण वाले गांधी आश्रम के साथ नवरात्रि का भी आनंद आता है। इस शहर में नौ दिन तक विश्व का सबसे लंबा नृत्य उत्सव मनाया जाता है। टाइम पत्रिका की सूची में भारत के दक्षिण–पश्चिम तट का राज्य केरल भी शामिल है। पत्रिका के अनुसार, शानदार समुद्र तटों और हरे–भरे बैकवॉटर, मंदिरों और महलों की अनुपम छटा के कारण केरल को गॉड्स ओन कंट्री कहना बिल्कुल सही है।

## मुंबई–अहमदाबाद बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट को मिली सारी मंजूरियां, मीसा बंदियों को पेंशन, शिंदे सरकार का बड़ा एलान




महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे सरकार ने गुरूवार को कई बड़े फैसले किए। मुख्यमंत्री शिंदे व उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बताया कि मुंबई–अहमदाबाद बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट को सभी मंजूरियां दे दी गई हैं। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री फडणवीस ने गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 1975 में लगे आपातकाल के दौरान जेलों में रहे राज्य के लोगों को पेंशन दी जाएगी। फडणवीस ने बताया कि मीसा बंदियों को पेंशन का फैसला 2018 में ही ले लिया गया था, लेकिन पिछली सरकार ने इस पर अमल रोक दिया था। महाराष्ट्र में बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट पिछले करीब तीन वर्षों से ठप सा था। सरकारी भूमि और वन क्षेत्रों के अधिग्रहण से संबंधित समस्याओं के कारण परियोजना शुरू नहीं हो पाई थी। हाल ही में इसे क्रियान्वित करने वाले नेशनल हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) ने राज्य के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर आग्रह किया था कि वे परियोजना को बाधित करने वाले काफी समय से लंबित मुद्दों को जल्द हल करें। पत्र में महाराष्ट्र में परियोजना के समक्ष आ रही बाधाओं का जिक्र किया गया था।

महाराष्ट्र में पिछले माह बनी शिंदे नीत नई सरकार ने इसे प्रोजेक्ट की सारी बाधाएं दूर कर दी हैं। अब पीएम नरेंद्र मोदी का यह महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट रफ्तार पकड़ेगा।

# सम्पादकीय

## विराट की जगह नये को दें अवसर

भारतीय क्रिकेट में दो बयान सुर्खियों में है. पूर्व कप्तान कपिल देव ने कहा है कि अगर विश्व के नंबर दो गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन को टेस्ट टीम से बाहर रखा जा सकता है, तो नंबर एक बल्लेबाज विराट कोहली को भी बाहर किया जा सकता है. अगर कोहली बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पा रहे, तो फिर आप सिर्फ उन्हें पुरानी छवि की वजह से टीम में रखकर किसी युवा बल्लेबाज, जो फॉर्म में है, को बाहर नहीं कर सकते. दूसरा बयान पूर्व गेंदबाज और बॉलिंग कोच वेंकटेश प्रसाद का है. उन्होंने कहा कि एक दौर था, जब भले ही आप कितने बड़े नाम हों, पर आप खराब फॉर्म में हों, तो आप बाहर हो जाते थे. सौरव, सहवाग, युवराज, जहीर और हरभजन जैसे खिलाड़ी टीम से बाहर हुए, दोबारा घरेलू क्रिकेट में गये और फिर वापसी की. जाहिर तौर पर वेंकटेश प्रसाद का भी इशारा विराट कोहली की ओर था.

टीम इंडिया के नेतृत्व ने विराट कोहली का बचाव किया है. पहले कोच राहुल द्रविड़ ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच से पहले ऐसा किया, फिर कप्तान रोहित शर्मा उनका बचाव करते दिखे. रोहित ने तो यहां तक कह दिया कि कपिल देव समेत हर किसी को आलोचना करने का अधिकार है, लेकिन वे चीजों को बाहर से देख रहे हैं, जबकि वे हर चीज को करीब से देखने के बाद सोच–समझकर चयन करते हैं. अहम सवाल यह है कि टीम इंडिया के हित में क्या है. रोहित शर्मा और टीम मैनेजमेंट को कोहली के बचाव का पूरा अधिकार है, लेकिन वे इससे इंकार नहीं कर सकते कि इस मुद्दे को ऐसे दो क्रिकेटरों ने उठाया है, जिन्हें मैनेजमेंट का हिस्सा होने और इन चीजों को करीब से देखने का खासा अनुभव रहा है. दुनिया की बड़ी से बड़ी टीम ने फॉर्म में नहीं होने पर अपने बड़े से बड़े खिलाड़ी को बाहर किया है. ऐसे फैसले उस स्टार खिलाड़ी और टीम दोनों के लिए लाभदायक रहे हैं.

अगर लगातार खराब फॉर्म में चल रहे किसी खिलाड़ी को मौका दिया जाता है, तो इसका खामियाजा पूरी टीम को भुगतना पड़ता है. मिसाल के लिए, पहले टेस्ट चौंपियनशिप साइकल में टीम इंडिया फाइनल में पहुंची, पर मौजूदा साइकल में लगातार हार की वजह से इसकी बहुत ही कम संभावना है कि मौजूदा टीम इंडिया फाइनल तक के सफर को पूरा करेगी. हालिया महीने में भारत टेस्ट मैच में अहम मुकाबला खराब फॉर्म में रहे बल्लेबाजों की वजह से हारा है. पहले, खराब फॉर्म के बावजूद अजिंक्य रहाणे और चेतेश्वर पुजारा लगातार खेलते रहे और अब विराट कोहली को मौका दिया जा रहा है. जहां भारतीय गेंदबाजी लगातार धारदार रही, वहीं बल्लेबाजों ने निर्णायक मोड़ पर निराश किया.

खराब फॉर्म में चल रहे खिलाड़ी को लगातार मौका देना क्या बेहतर फॉर्म वाले किसी युवा खिलाड़ी के साथ नाइंसाफी नहीं है, जो बाहर है? क्या विराट कोहली वे चौंपियन क्रिकेटर बन सकते थे, अगर उन्हें सही वक्त पर मौका नहीं मिलता? किसी भी पेशेवर क्रिकेटर का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शिखर फॉर्म सीमित समय के लिए होता है. अगर सूर्य कुमार यादव और दीपक हुड्डा जैसे क्रिकेटर को ऐसे ही लगातार बाहर रखा गया, तो क्या उनके साथ अन्याय नहीं होगा?

जहां यह सच है कि आईपीएल दौर के बाद टीम इंडिया में टैलेंट की भरमार है, लेकिन यह भी सच है कि भारत उस टैलेंट का सही इस्तेमाल कर विश्व क्रिकेट में अपनी बादशाहत नहीं जमा सका है. भारत ने अपना पिछला टी–20 वर्ल्ड कप 15 साल पहले 2007 में जीता और आखिरी आईसीसी टूर्नामेंट 13 साल पहले चौंपियंस ट्रॉफी के तौर पर जीता था तथा ऑस्ट्रेलिया को ऑस्ट्रेलिया में लगातार दो बार हराने के अलावा इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड को उनके देश में मात नहीं दे सका है. उल्लेखनीय है कि स्टार खिलाड़ी को निकालना इसलिए भी मुश्किल होता है क्योंकि उस पर बाजार का बड़ा पैसा लगा होता है. इस अर्थशास्त्र को दूसरे तरीके से समझने की जरूरत है. अगर स्टार खिलाड़ी फॉर्म में न होने के बावजूद लगातार खेलता रहा, तो वह प्रभावी तौर पर अपने ब्रांड का प्रसार नहीं कर सकता. उसके दीर्घकालीन ब्रांड वैल्यू पर भी असर पड़ता है. इससे बेहतर यह है कि वह खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट में मेहनत करे और फिर जोरदार वापसी करे. कोहली में वह दम है. इन पहलुओं पर गौर करने से आगे का रास्ता निकल सकता है. सौरव गांगुली बीसीसीआई के अध्यक्ष हैं और राहुल द्रविड़ मुख्य कोच. टीम इंडिया का अगला निशाना ऑस्ट्रेलिया में टी–20 वर्ल्ड कप है. गांगुली और द्रविड़ की जोड़ी को वापस 2007 में जाने की जरूरत है, जब टी–20 वर्ल्ड कप में गांगुली, द्रविड़ और सचिन तेंदुलकर जैसे दिग्गज टीम से बाहर रहे, महेंद्र सिंह धौनी के नेतृत्व में युवा टीम ने इतिहास रच दिया था. क्या आगामी टी–20 वर्ल्ड कप में रोहित शर्मा, विराट कोहली और केएल राहुल की तिकड़ी को बाहर रख कर हार्दिक पंड्या या ऋषभ पंत की अगुवाई में युवा टीम को नहीं आजमाया जा सकता? बदलते दौर में पहले तीन नंबर पर राहुल, रोहित और विराट को भेजना एक रक्षात्मक रणनीति होगी, जबकि संजू सैमसन, ईशान किशन, दीपक हुड्डा और सूर्य कुमार यादव जैसे युवा भारतीय क्रिकेट में एक नये दौर का आगाज कर सकते हैं.

**उदय समाचार**

**दैनिक**

**स्वामी प्रकाशक व मुद्रक उदय कुशवाहा द्वारा हर्षिता प्रिंटर्स साकेत नगर कानपुर नगर (उ प्र) से छपवाकर कार्यालय - जवाहर नगर पूर्वी घाटमपुर कानपुर नगर से प्रकाशित।**

**संपादक**

**उदय कुशवाहा**

Title Code - UPHIN49938

**नोट- समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों की होगी । सभी विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर न्यायालय मान्य होगा ।**

# विश्व युवा कौशल दिवस - 15 जुलाई

युवाओं को देश का भविष्य माना जाता है. जिस देश के युवा कमजोर स्थिति में हों, उस देश का भविष्य भी खतरे में आ जाता है. भारत समेत ऐसे तमाम देश हैं, जहां आज भी युवाओं के पास शिक्षा और रोजगार जैसी घ्बुनियादी चीजें नहीं हैं और तमाम युवा बेरोजगार हैं. इसके अलावा तमाम युवा ऐसे भी हैं जो रोजगार के सीमित अवसरों को देखते हुए अपने हुनर के हिसाब से नौकरी प्राप्त नहीं कर पाते और कम सैलरी में भी काम करने को मजबूर होते हैं. इन स्थितियों के प्रति जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से हर साल 15 जुलाई को विश्व युवा कौशल दिवस मनाया जाता है । युवाओं के बीच बेरोजगारी की चुनौतियों को कम करने और उन्हें कौशल विकास के प्रति जागरुक करने के लिए विश्व युवा कौशल दिवस की शुरुआत की गई. श्रीलंका की पहल पर संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 11 नवंबर 2014 को हर साल विश्व युवा कौशल दिवस मनाने की घोषणा की थी. पहली बार 15 जुलाई को विश्व युवा कौशल दिवस मनाया गया. तब से हर साल इस दिन को सेलिब्रेट किया जाता है. इस दिन युवाओं के कौशल विकास में निवेश करने के लिए जागरुक किया जाता है. इसको लेकर जगह जगह कई तरह के कार्यक्रमों का आयोजन होता है । 15 जुलाई 2015 को पहले विश्व युवा कौशल दिवस के मौके पर भारत में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना की शुरुआत की गई थी. इसकी घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की थी.

इस योजना के तहत सरकार की तरफ से देश के युवाओं को अलग–अलग क्षेत्रों में निशुल्क में औद्योगिक प्रशिक्षण दिया जाता है, ताकि वो रोजगार प्राप्त कर सकें. 14 से 35 साल के युवा इस मिशन के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं. प्रशिक्षण के लिए तीन महीने, छह महीने और एक साल के लिए रजिस्ट्रेशन कराना होता है. कोर्स पूरा करने के बाद सरकार की ओर से एक सर्टिफिकेट दिया जाता है. ये




सर्टिफिकेट देशभर में मान्य है. इस सर्टिफिकेट के बाद युवा देशभर में स्किल्स के आधार पर कहीं भी रोजगार आसानी से प्राप्त कर सकते हैं. मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो कोरोना काल से पहले करीब 3231 युवाओं को इस मिशन के जरिए ट्रेनिंग दिलाई गई और 2778 को रोजगार दिया गया. फिलहाल कोरोना के चलते ये मिशन बंद पड़ा है ।

# रसोई गैस कनेक्शन लेने पर मिलेगा 50 लाख का बीमा, जाने कैसे उठा सकते हैं इस योजना का लाभ

केंद्र और राज्य सरकारों की ओर से चलाई जा रही हैं उज्घ्ज्घ्वला योजना तहत करोड़ों लोग रसोई गैस का इस्तेमाल कर रहे हैं.गैस सिलेंडर का उपयोग बहुत ही सावधानी से किया जाता है क्योंकि एक छोटी सी गलती बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है. यदि किसी प्रकार की दुर्घटना होती है तो ऐसे में इस दुर्घटना को कवर करते हुए सरकार सिलेंडर पर 50 लाख रुपए का कवर भी देती है. रसोई गैस कनेक्शन लेने पर पेट्रोलियम कंपनियां ग्राहक को पर्सनल एक्सीडेंट कवर उपलब्ध कराती हैं. 50 लाख रुपये तक का यह इंश्योरेंस एलपीजी सिलेंडर से गैस लीकेज या ब्लास्ट के चलते दुर्भाग्यवश हादसा होने की स्थिति में आर्थिक मदद के तौर पर दिया जाता है. इस बीमा के लिए पेट्रोलियम कंपनियों की बीमा कंपनियों के साथ साझेदारी रहती है.

### उपभोक्ताओं को मिली इंश्योरेंस की सुविधा

उपभोक्ताओं को गैस लीकेज या ब्लास्ट होने की स्थिति में इंश्योरेंस की सुविधा मिलती है.पेट्रोलियम कंपनियों ने उपभोक्ताओं को इस बीमा का फायदा देने के लिए इंश्योरेंस कंपनियों के साथ समझौता किया है. मौजूदा समय में प्ब्ब् लोम्बार्ड के जरिए इंडियन ऑयल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और भारत पेट्रोलियम के रसोई गैस कनेक्शन पर उपभोक्ताओं को बीमा की सुविधा मिल रही है.

### कब मिलता है बीमा का लाभ?

रसोई गैस कनेक्शन लेने पर पेट्रोलियम कंपनियां ग्राहक को पर्सनल एक्सीडेंट कवर देती है. 50 लाख रुपए तक का यह इंश्योरेंस एलपीजी सिलेंडर से गैस लीकेज या ब्लास्ट के कारण हादसा होने जैसे हालातों में आर्थिक मदद के रूप में दिया जाता है. खास बात यह है कि, ऑयल मार्केटिंग कंपनियां गैस सिलेंडर लेने वाले सभी ग्राहकों को इस सुविधा का लाभ देती हैं. इसके साथ ही ग्राहक के घर पर एलपीजी सिलिंडर की वजह से हादसे में हुए जान माल के नुकसान के लिए पर्सनल एक्सीडेंट कवर दिया जाता है. हादसे में ग्राहक की प्रॉपर्टी/घर को नुकसान पहुंचता है तो प्रति एक्सीडेंट 2 लाख रुपए तक का इंश्योरेंस क्लेम मिलता है.

### किस घटना पर कितना मिलेगा क्लेम

दुर्घटना से पीड़ित प्रति व्यक्ति को अधिकतम 10 लाख रुपए की क्षतिपूर्ति दी जा सकती है. मौत होने पर पर्सनल एक्सीडेंट कवर के रूप में प्रति व्यक्ति 6 लाख रुपए का क्घ्लेम मिलता है.

इलाज खर्च के रूप में अधिकतम 30 लाख रुपए दिए जाते हैं. इसमें प्रति व्यक्ति 2 लाख रुपए दिया जाता है.

### क्लेम पाने के लिए ये है तरीका

उपभोक्ता को क्लेम को पाने के लिए नजदीकी पुलिस स्टेशन को दुर्घटना की तुरंत सूचना देना होगा और साथ ही एलपीजी वितरक को भी सूचत करना होगा.

उपभोक्ताओं को इस पॉलिसी के लिए कोई भी प्रीमियम नहीं चुकाना होता है. ग्राहक को बीमा कंपनी में सीधे क्लेम के लिए आवदेन करने या उससे संपर्क



करने की जरूरत नहीं होती. उपभोक्ताओं को बीमा का क्लेम पाने के लिए थ्प्त् की कॉपी, घायलों के इलाज में लगने वाले मेडिकल बिल और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और मृत्यु प्रमाणपत्र जरूरी है. दुर्घटना की स्थिति में डिस्ट्रीब्यूटर के जरिए क्लेम का दावा किया जाता है और बीमा कंपनी क्लेम का राशि संबंधित वितरक के पास जमा करा देती है. इसके बाद वितरक के पास से यह पैसा पीड़ित ग्राहक तक पहुंच जाता है.

# कोर्ट से पेशी पर लाए कैदी को फरार करने की साजिश रची थी सिपाही ने, जरा सी चूक से हुआ खुलासा

ताजनगरी के दीवानी न्यायालय से फरार हुए गैंगस्टर के मामले में चौंकाने वाली बात सामने आई है. पुलिस ने इस मामले में नया खुलासा किया है. पुलिस के अनुसार जिस हेड कॉन्स्टेबल को चोट लगी थी वह चोट फरार आरोपी के साथियों ने नहीं बल्कि खुद हेड कॉन्स्टेबल ने अपने हाथों से कहानी रचने के लिए लगाई थी. पुलिस ने न्यू आगरा थाने में गैंगस्टर के आरोपी विनय के फरार होने के मामले में मुकदमा दर्ज किया है जिसमें हेड कॉन्स्टेबल और मुंशी को भी नामजद किया गया है.

बुधवार को जिला न्यायालय में पेशी पर आए गैंगस्टर के आरोपी विनय को चार अज्ञात लोग पुलिस की गिरफ्त से छुड़ाकर ले गए. जिसके बाद मौके पर पुलिस के आलाधिकारी पहुंच गए और आरोपियों की तलाश के लिए कई टीम का गठन कर दिया साथ ही शहर में चारों तरफ नाकाबंदी शुरू कर दी. आरोपी विनय श्रोतीय के साथ पेशी पर आए हेड कॉन्स्टेबल अनुज प्रताप ने अधिकारियों को बताया कि चार लोग विनय के पास आये और उन्होंने मेरे ऊपर ईंट से हमला कर दिया. आरोपी को छुड़ाकर ले गए. इसके बाद पुलिस ने एक व्यक्ति को और गिरफ्त में लिया. जो बता रहा था कि आरोपी के साथी उसका मोबाइल छीन कर ले गए हैं पुलिस उससे भी लगातार पूछताछ कर रही थी.

देर रात पुलिस ने हेड कॉन्स्टेबल अनुज प्रताप से कड़ाई से पूछताछ की तो अनुज प्रताप ने पूरा सच उगल दिया. अनुज ने बताया कि हवालात से विनय के निकलने के बाद सोनू नाम का व्यक्ति उससे मिलने आया था और उसी के मोबाइल से विनय फोन पर किससे बात करने लगा और बात करते करते अचानक से गायब हो गया. इसके बाद अनुज प्रताप ने सोनू से उसके बारे में पूछा लेकिन उसने बताया, श्मैं उन्घ्हें नहीं जानता. विनय कहां गया है, मैं तो आपके साथ ही हूं.श

अनुज प्रताप को समझ में आ गया था कि विनय फरार हो गया है इसके बाद उसने अपने आप को फंसता देख एक नई कहानी रची. अनुज ने सोनू से कहा कि तुम मेरे सर पर ईट मार दो मैं अधिकारियों को बोल दूंगा कि विनय के कुछ साथी यहाँ आए थे जिन्होंने मुझे घायल कर विनय को छुड़ा लिया. सोनू ने हेड कॉन्स्टेबल अनुज के कहे अनुसार उसके ईट मार दी और करीब 1 घंटे बाद अनुज ने विनय की भागने की सूचना प्रभारी आरपी सिंह को दी. इसके बाद आरपी सिंह ने कंट्रोल रूम को घटना की जानकारी दी.

घटना की जानकारी पर एसपी सिटी, आईजी और एसएसपी मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल में जुट गए. वहीं देर रात को दीवानी चौकी प्रभारी अंकुश धामा की तरफ से न्यू आगरा थाने में विनय के भागने को लेकर मुकदमा दर्ज किया गया है. जिसमें विनय, उसको भगाने के लिए आए उसके साथी सोनू, छोटू, पिंटा, राहुल और हेड कांस्टेबल अनुज प्रताप व मुंशी अनुराग राणा आदि को आरोपी बनाया गया है. एसएसपी ने हेड कॉन्स्टेबल और मुंशी को लापरवाही बरतने पर लाइन



हाजिर कर दिया है. आरोपी विनय और उसके साथियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने कई टीमों का गठन किया है. एसएसपी प्रभाकर चौधरी स्वयं इस मामले पर पूरी नजर बनाए हुए हैं.

# मानव तस्करी मामले में दलेर मेहंदी को 2 साल की जेल, पटियाला कोर्ट ने बरकरार रखी सजा

गायक दलेर मेहंदी की मुश्किलें बढ़ गई हैं. उन्हें 19 साल पुराने मानव तस्करी मामले में दो साल कैद की सजा सुनाई गई है. पटियाला हाउस कोर्ट ने गुरुवार को 19 साल पुराने मानव तस्करी मामले में दलेर मेहंदी को दो साल कैद की सजा सुनाने वाले निचली अदालत के 2018 के फैसले को बरकरार रखा. अदालत ने दलेर मेहंदी को 2003 में कबूतरबाजी से जुड़े मामले में दोषी ठहराया था.

### दलेर मेहंदी को दो साल की सजा

जांच के दौरान मानव तस्करी मामले में दलेर मेहंदी का भी नाम सामने आया था. उनके खिलाफ 2003 में मामला दर्ज किया गया था और 15 साल बाद 2018 में निचली अदालत ने सिंगर को 2 साल कैद की सजा सुनाई थी, जिसे अब सत्र अदालत ने भी बरकरार रखा है. हालांकि दलेर मेहंदी के पास नियमानुसार फैसले को हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने का विकल्प है.

### दलेर मेहंदी ने वीडियो में कही थी ये बात

बता दें कि निचली अदालत ने दलेर मेहंदी के साथ–साथ मानव तस्घ्करी के मामले में उनके भाई शमशेर सिंह को भी दोषी करार दिया था और दो साल की सजा सुनाई थी. जिसके बाद दलेर मेहंदी ने एक वीडियो में इस केस के बारे में कहा था इस केस को लेकर ऊपर की अदालत में अपील करेंगे. हालांकि पटियाला हाउस कोर्ट से भी उन्हें झटका लगा है.

### जानें क्या है पूरा मामला

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दलेर मेहंदी और शमशेर लोगों को अपना क्रू मेंबर बताकर गैरकानूनी तरीके से विदेश लेकर जाते थे. मेहंदी और उनके भाई ने 1998 और 1999 के दौरान दो बार अमेरिका में शो किये और उस दौरान वह अपनी पूरी टीम के साथ वहां पहुंचे थे. इस दौरान उन्घ्होंने गैर कानूनी तरीके से अपने ग्रुप के 10 सदस्घ्यों को वहीं छोड़ दिया था. एक अभिनेत्री के साथ अमेरिकी यात्रा



पर गये दलेर ने कथित तौर पर तीन लड़कियों को सैन फ्रांसिस्को छोड़ दिया था. अक्तूबर 1999 में भी दोनों भाई एक बार फिर कुछ कलाकारों के साथ अमेरिका गये थे और इस दौरान तीन लड़कों को न्यू जर्सी में छोड़ दिया गया था 19 सितंबर, 2003 में दलेर मेहंदी के बड़े भाई शमशेर मेहंदी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गयी थी. पूछताछ में दलेर मेहंदी का नाम भी इस मामले में सामने आया था.

# सिपाही की मौत के बाद जागा नगर निगम, कानपुर के सभी खुले नाले होंगे बंद

कानपुर । न्यू आजाद नगर में सोमवार को गश्त के दौरान खुले नाले में गिरकर हेड कांस्टेबल जगत नारायण की मौत हो गई थी। उनके साथ एक सिपाही भी गंभीर रूप से घायल हुआ था। पुलिसकर्मी की मौत के बाद नगर निगम की नींद टूटी है। अब शहर में खुले पड़े सभी नालों को तत्काल बंद किया जाएगा। गुरुवार को नगर निगम मुख्यालय में महापौर प्रमिला पांडेय ने बैठक कर इस पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। उन्होंने पूरे शहर में सर्वे कर तत्काल खुले नालों को बंद करवाने के निर्देश दिए हैं। शहर के बड़ा नालों में शामिल मेहुल मिल नाले का संयुक्त निरीक्षण करने के लिए सहायक अभियंता जोन 4 और जोनल स्वच्छता अधिकारी को निर्देश दिए। साथ ही नाले की सफाई न कराने के कारण क्षेत्र के जेई को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। बैठक में महापौर ने तय किया कि शुक्रवार को होने वाले श्रमदान दिवस के मौके पर जोनल स्वच्छता अधिकारी जोन–4 को निर्देश दिए कि सुबह 6 बजे से सफाई का महाअभियान चलाकर सफाई कराई जाए।

इसके अलावा परमट मंदिर के आसपास व बाहर जो फल सब्जी का ठेला अनधिकृत रूप से लगाते हैं उनके विरोध कार्यवाही करते हुए चालान काटे जाए। सावन में मंदिरों में व्यवस्था बनाई जाए।



# सजेती पुलिस ने वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

कानपुर । सजेती पुलिस के हाथ लगी बड़ी सफलता, पुलिस अधीक्षक कानपुर आउटर द्वारा दिए गए आदेशानुसार अपराध एवं अपराधियों की व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए गए विशेष अभियान के तहत, क्षेत्राधिकारी घाटमपुर महोदय के कुशल पर्यवेक्षण में सजेती थाना पुलिस ने गुरुवार को रणविजय सिंह पुत्र स्वर्गीय जयपाल सिंह उम्र करीब 40 वर्ष निवासी ग्राम हरबसपुर थाना बिधनू जनपद कानपुर नगर, को गिरफ्तार किया है इसके खिलाफ कई धाराओं में मामला दर्ज है । इस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने वांछित अभियुक्त को पकड़कर जेल भेजा । गिरफ्तार करने वाली टीम में सजेती थाना प्रभारी जनार्दन सिंह यादव, महिला थाना अध्यक्ष श्रीमती पूजा, हेड कांस्टेबल उमेश चंद्र, पूनम यादव, रणवीर सिंह शामिल रहे ।



# पुरानी चौकी के मलबे को कराया गया साफ

कानपुर । घाटमपुर कस्बे के कानपुर रोड पर स्थित गांधी विद्यापीठ इंटर कॉलेज की बाउंड्री के सामने कई वर्षों तक स्थित रही कस्बा पुलिस चौकी का पुराना मलबा पुलिस अधीक्षक आउटर के आदेश के बाद करीब 18 साल बाद मौके से हटाया गया, बताते चलें घाटमपुर कस्बा चौकी पहले कानपुर रोड स्थित रामचंद्र पेट्रोल पंप के सामने, गांधी विद्यापीठ इंटर कॉलेज के आगे स्थापित थी, जो कि निजी संपत्ति होने के चलते कुछ वर्ष पूर्व हटाकर घाटमपुर कस्बे के भीतर गांव रोड स्थित डाक बंगले में स्थापित की गई,पूर्व स्थापित चौकी के अगल–बगल कई वर्षों तक किन्ही मामलों में पकड़े गए वाहनो को रखा गया था, जो कि समय के साथ कबाड़ होते रहे और विद्यालय के आगे बाउंड्री के पास कई वर्षों तक एकत्र रहे, बीते दिनों पुलिस अधीक्षक ने मामले को संज्ञान में लेकर अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया था, जिसके बाद बुधवार और गुरुवार को कस्बा पुलिस ने पुरानी चौकी के पास एकत्र कबाड़ वाहनों को मौके से हटाया, बताते चलें लगभग 20 वर्षों से उक्त कबाड़ वाहन एक ही जगह पर एकत्र थे जो कि समय के साथ पूर्णतया कबाड़ में तब्दील हो चुके थे, जिन्हें पुलिस ने मौके से हटाया है, कस्बा चौकी प्रभारी विजय प्रकाश सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के आदेश के बाद उक्त जगह से कबाड़ वाहनों को हटाकर जगह को कब्जा मुक्त किया गया है।



# शराब के नशे में धुत अध्यापक ने विद्यालय में किया हंगामा, बेसिक शिक्षा अधिकारी ने किया निलंबित

कानपुर । घाटमपुर ब्लॉक के गांव समूही भटपुरवा के प्राथमिक विद्यालय का एक अध्यापक गुरुवार को शराब पीकर विद्यालय पहुंच गए। नशेबाजी पर टोकने पर उन्होंने शिक्षिकाओं से गाली गालौज कर दी और विद्यालय में उत्पात मचाने लगे। दहशत में आए छात्र–छात्राओं के चीखने चिल्लाने पर उन्हें पीट दिया। वहीं, शोर शराबा सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने उसे क्लास रूम में बंद कर पुलिस को सूचना दी। आरोपी अध्यापक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। मिली जानकारी के मुताबिक समुही भटपुरवा गांव के उच्च प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक रणविजय यादव गुरुवार सुबह शराब के नशे में विद्यालय पहुंच गए। नशे में धुत शिक्षक विद्यालय के डस्टबिन में बाथरूम करने लगे। विद्यालय की शिक्षिकाओं ने टोका तो गाली गलौच करने लगे। शिक्षिकाओं ने वीडियो बनाने की कोशिश पर मोबाइल छीनने लगे। दहशत बच्चों के चीखने चिल्लाने पर उन्हें मारपीट कर चुप कराने लगे।

इधर, शोरशराबा सुनकर ग्रामीणों की भीड़ भी इकट्ठी हो गई। सभी ने मिलकर उसे क्लास रूम में बंद कर दिया। जिसके बाद सजेती पुलिस और बीएसए को घटना की सूचना दी गई। बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह भी मौके पर पहुंचे । बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह ने बताया कि उक्त प्रकरण से शिक्षा विभाग को शर्मसार होना पड़ा है मामले में उक्त अध्यापक को निलंबित कर दिया गया है ।



# धर्म छिपाकर शादी करने वाले युवक पर महिला ने दी तहरीर

## धर्म बदलने का दबाव बना रहा था पति

फतेहपुर । जनपद के खागा कोतवाली क्षेत्र में एक युवक ने धर्म छिपाकर एक महिला से शादी कर ली कुछ समय बाद महिला पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने लगा महिला ने पुलिस से शिकायत की है बताते चलें कि खागा कोतवाली क्षेत्र के उमरा भागलपुर गांव निवासी असलम जो कि मध्य प्रदेश के जबलपुर में रहकर नौकरी करता था वही पर एक हिंदू लड़की से प्रेम संबंध बन गए लेकिन युवक ने मुस्लिम होने की बात नहीं जताई प्रेम संबंध होने के साथ 25 जुलाई सन 2020 को युवक ने मंदिर में शादी रचा ली 2 वर्ष बीत जाने के बाद युवक महिला पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने लगा जब हकीकत महिला के सामने आई तो वह है युवक धर्म परिवर्तन को लेकर झगड़ा भी करता था 30 जून 2022 को युवक लड़ झगड़ कर अपने गांव आ गया तभी महिला अपने पति के गांव उमरा भागलपुर पहुंची और इसके बारे में जानकारी ली जिसमें साबित हुआ कि युवक मुस्लिम है पत्नी धर्म परिवर्तन के लिए तैयार नहीं है इस घटना की जानकारी तहरीर के आधार पर स्थानीय पुलिस को दी पुलिस ने आश्वासन देकर घर वापस भेज दिया है ।




# दो दिन से लापता किशोरी का नहीं लगा सुराग, जांच में जुटी पुलिस




फतेहपुर । जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र में 2 दिन पूर्व एक किशोरी लापता हो गई जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लग सका परिजनों ने इस घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी पुलिस जांच में जुटी हुई है बताते चलें कि जनपद के कस्बा जहानाबाद थाना क्षेत्र के बाजपेई गली से एक 14 वर्षीय किशोरी जो कि घर से लापता हो गई है परिजनों ने संपर्क स्थानों पर खोजबीन की लेकिन उसका अभी तक किसी प्रकार से सुराग नहीं लगा है किशोरी की मां ने इस घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा भी दर्ज कर ली है और कार्रवाई में जुटी हुई है ।

# 40 दिन पूर्व हुए अपहरण को लेकर पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई

## पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक से लगाई गुहार

फतेहपुर । जनपद के मलवा थाना क्षेत्र में 40 दिन पूर्व हुए अपहरण को लेकर पीड़ित परिवार सुनवाई ना होने के चलते गुरुवार को पुलिस अधीक्षक की चौखट पर गुहार लगाई है बताते चलें कि मलवा थाना क्षेत्र के मोहन खेड़ा गांव निवासी बाबूराम जोकि 3 जून को गांव के ही राजू और पिंटू अपनी बाइक से पेंशन बनवाने के नाम पर फतेहपुर ले गए थे जो राजू और पिंटू शाम को बाइक से घर वापस आ गए थे और बाबूराम घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने पिंटू और राजू से पूछा तो उन्होंने बताया कि पेंशन का काम अभी पूरा नहीं हुआ है इसलिए वह वहीं पर रुक गए हैं इसके बाद 1 सप्ताह बाद परिजनों ने गुमशुदगी की तहरीर मलवा थाना पर दी जिस पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई एक माह गुजर जाने के बाद परिवारी जनों ने थाना परिसर और सीओ ऑफिस के चक्कर लगाते रहे लेकिन आज तक बाबूराम का सुराग नहीं लगा परिजनों का आरोप है कि गांव के पिंटू और राजू को गिरफ्तार किया जाए किसी प्रकार की कार्रवाई ना होने के चलते परिजनों ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह की चौखट पर गुहार लगाई है परिजनों का आरोप है कि पुलिस अधीक्षक ऑफिस के बाहर खड़े गार्डों ने धक्का देकर ऑफिस के बाहर भगा दिया और इस मामले में पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पीड़ित परिवार भीड़ के साथ आया था जो कि धूप में खड़ा था तो उसे वहां से हटाकर छाया में बैठने के लिए कहा गया था पीड़ित परिवार का प्रार्थना पत्र ले लिया गया है और पीड़ित परिवार की मदद की जाएगी मामले की जांच की जा रही है आरोपियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी ।



# खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की फूड सेफ्टी ऑन व्हीकल की टीम ने कई दुकानों से लिए सैंपल



कानपुर । खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की फूड सेफ्टी ऑन व्हीकल की टीम ने गुरुवार को बर्रा, शास्त्री चौक, सीटीआई, सचान चौराहा और नंदलाल चौराहा की दुकानों से 35 खाद्य पदार्थों के सैंपल चेक किए। इस दौरान कई खाद्य पदार्थों में कलर की मिलावट पाई गई। कारोबारियों को वार्निंग देकर छोड़ दिया गया। टीम ने धनिया पाउडर, मिर्चा पाउडर, मेथी, जीरा, बेसन, अरहर दाल, चना दाल, सोयाबीन ऑयल, नमकीन समेत कुल 35 अन्य खाद्य पदार्थों का सैंपल लिया। जिसमें सौंफ, पिसा मिर्चा, उड़द दाल, भुना चना और नमकीन में रंगों की मिलावट पाई गई।

वहीं, जीरा में मिट्टी की मिलावट और काली मिर्च खराब पाई गई। खाद्य सुरक्षा आयुक्त–2 विजय प्रताप सिंह ने बताया कि फूड सेफ्टी ऑन व्हील के जरिए लोगों को मौके पर ही खाद्य सैंपल चेक कर बताया जाता है कि इसमें मिलावट है कि नहीं। गुरुवार को सैंपल चेक के दौरान सौंफ से लेकर स्नैक नमकीन में रंगों की मिलावट पाई गई। जिसके बाद सभी कारोबारियों को सचेत कर छोड़ दिया गया और कहा कि आगे अगर ऐसा करते हुए पाया गया तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# पैदल जा रही किशोरी को बाइक ने मारी टक्कर, किशोरी घायल



फतेहपुर । जनपद के बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के फरीदपुर मोड़ के समीप एक अनियंत्रित तेज रफ्तार बाइक ने पैदल जा रही किशोरी को टक्कर मार दी जिससे किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई बताते चलें कि फरीदपुर गांव के समीप एक तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक जो कि कस्बे की तरफ से आ रही थी और किशोरी पैदल रोड पार कर रही थी तभी तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक ने किशोरी साक्षी उम्र 17 वर्ष को टक्कर मार दी जिससे साक्षी गंभीर रूप से घायल हो गई परिजनों ने आनन–फानन किशोरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां पर उसका इलाज किया जा रहा है ।

# सांसद ने अमृत सरोवर का किया शिलान्यास, पौधरोपण कर लोगों को दिलाया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प




कानपुर । नरवल तहसील में अकबरपुर सांसद देवेन्द्र सिंह भोले ने गुरुवार को अमृत सरोवर का समारोह पूर्वक शिलान्यास किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद देवेन्द्र सिंह भोले ने कहा कि तालाब को सरोवर के रूप में विकसित किए जाने का सीएम योगी का मिशन ग्रामीण इलाके में जल संचयन के क्षेत्र में एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि सुरक्षित जल के संचयन से कृषि क्षेत्र को भी लाभ पहुंच सकेगा। बीडीओ प्रवीना शुक्ला ने अमृत सरोवर निर्माण योजना के ध्येय पर प्रकाश डाला। उन्होंने ग्रामीणों से सरोवर की देख रेख को लेकर भी जागरूकता का आह्वान भी किया।

उन्होंने कहा कि हमारी पृथ्वी का जल स्तर काफी निचले स्तर तक पहुंच जाने से कई स्थानों पर पानी की समस्या उत्पन्न हो चुकी है। सरकार हर गांव में तालाब खोदाई कार्य एवं अमृत सरोवर निर्माण करवा रही है। जिससे जल की समस्या उत्पन्न न हो। नरवल तहसील के ग्राउंड में अकबरपुर सांसद देवेन्द्र सिंह भोले ने पौधा रोपण करके पर्यावरण बचाने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहाकि पेड़–पौधे हमारे जीवन का अमूल्य हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि पेड़ पौधों का संरक्षण व संवर्द्धन हमारी सामाजिक, राष्ट्रीय व नैतिक जिम्मेदारी है। हमें पर्यावरण का दोहन करने से बचना होगा। दूसरों को भी वृक्ष लगाने व पर्यावरण की रक्षा हेतु प्रेरित करना होगा ।

# छात्रों ने नुक्कड़ नाटक से दिया स्वच्छता का संदेश, लोगों को किया जागरूक

औरैया । स्वच्छता पखवाड़े के तहत गुरुवार को नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इसमें छात्रों ने नुक्कड़ नाटक से स्वच्छता का संदेश दिया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण को लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक अनिल वर्मा, मुख्य महाप्रबंधक आरएस वेलु मुरुगन, प्राचार्य अशोक कुमार शर्मा सहित गेल अधिकारी, कार्मिक और डीएवी के शिक्षक उपस्थित रहे। गेल गांव स्थित शालीमार शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में गुरुवार को नुक्कड़ नाटक को आयोजन किया गया। इसमें गेल डीएवी पब्लिक स्कूल के कक्षा नौ और दस के विद्यार्थियों ने प्रस्तुति दी।विद्यार्थियों ने नारे के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया। पर्यावरण संरक्षण और बढ़ते प्रदूषण को स्वच्छता से जोड़कर नाटक को असरदार ढंग से प्रस्तुत किया। साफ–सफाई का संकल्प दिलाया। गेल गांव के लोगों और कर्मियों ने नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति की सराहा की।महाप्रबंधक अनिल वर्मा ने बताया कि 1 से 15 जुलाई तक स्वच्छ भारत पखवाड़ा मनाया जा रहा है। केंद्र सरकार के स्वच्छ भारत अभियान के हिस्से के रूप में गेल विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर रही है। इसका उद्देश्य भारत के शहरों, कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को स्वच्छता के प्रति बुनियादी ढांचे को साफ करना है।



# व्यापारियों ने किया खाद्य पदार्थों पर जीएसटी का विरोध, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हमीरपुर । मौदहा तहसील परिसर में गुरुवार को भारतीय उद्योग व्यापार मंडल और गल्ला व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने एसडीएम सुरेंद्र कुमार यादव को ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों ने दैनिक उपयोग के खाद्य पदार्थों से जीएसटी हटाने की मांग करते हुए कहा कि इन जरूरतमंद सामानों को पांच प्रतिशत जीएसटी के दायरे से बाहर रखा जाए। यह ज्ञापन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमन को सम्बोधित था । व्यापार मंडल के नगर चेयरमैन अवधेश पालीवाल ने बताया कि अनाज दाल, चावल, मक्खन , गुड़, दूध आदि आम लोगों की रोजाना उपयोग की जाने वाली वस्तुएं हैं। जिसको सरकार द्वारा 5 प्रतिशत जीएसटी के दायरे में लाया गया है। जिसका असर आम जनता की थाली में ज्यादा पड़ेगा।

गल्ला व्यापार मंडल अध्यक्ष नंद किशोर शिवहरे ने बताया कि गरीब मजदूर और सामान्य जनता को हर रोज़ कमाना खाना पड़ता है। अब उनकी रोज की उपयोगी वस्तुओं पर जीएसटी लागू हो गई है। जिससे लागत में वृद्धि होगी तो महंगाई बढ़ेगी और कहा अगर पांच प्रतिशत जीएसटी लागू होने की अधिसूचना को जल्द वापस



नहीं लिया गया तो 16 तारीख से गल्ला मंडी की दुकानें बंद रहेंगी। इस मौक़े पर जेके गुप्ता, मयंक गुप्ता, कुलदीप गुप्ता, नितिन ओमर, मनीराम सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# शहीद को नम आंखों से दी विदाई, दस साल के बेटे ने दी मुखाग्नि

औरैया । गांव की जिन गलियों में कभी वह देश सेवा का जज्बा लिए घूमता था, उन्हीं गलियों से जब फौजी का शव गुजरा तो जैसे पूरा गांव ही सिसक उठा। शव लेकर पहुंचे सिक्ख रेजीमेंट के जवानों ने शव के ऊपर से तिरंगा हटाया तो आसपास मौजूद हजारों ग्रामीण भारत माता की जय के नारे लगा उठे। जवान की अंतिम यात्रा में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। फौजी के 10 साल के बेटे आदित्य ने पिता को मुखाग्नि दी। फफूंद के गांव मुढी निवासी 38 वर्षीय अनुभव त्रिपाठी मथुरा रेजीमेंट में लांस हवलदार के पद पर तैनात था। अभी उनकी तैनाती लद्दाख में थी। बीती 7 जुलाई दिन बुधवार को ड्यूटी के दौरान उनका अचानक बर्फ में पैर फिसल जाने से वह घायल हो गए थे। साथी जवानों ने कमांड हास्पिटल में भर्ती कराया गया। 11 जुलाई दिन रविवार को उपचार के दौरान फौजी अनुभव ने अंतिम सांस ली।

मथुरा रेजीमेंट के जवान तिरंगे में लिपटा उसका शव लेकर गांव पहुंचे। तो सभी की आंखें नम हो गई। अनुभव अंतिम बार बीती 9 फरवरी को अपनी बहन की शादी में शामिल होने आए थे। ड्यूटी पर जाते समय अनुभव मां शांति देवी का आशीष लेकर जल्द लौटने की बात कहकर गए थे। किसी को क्या पता था कि देश सेवा को जा रहा बेटा अब जिंदा वापस नहीं लौटेगा। मृत फौजी की पत्नी आरती, पुत्र आदित्य और भाई अतुल, बहन ज्योति व मीनाक्षी



का रो–रो कर बुरा हाल था। गुरुवार की सुबह गांव में ही सेना के सम्मान के साथ फौजी का अंतिम संस्कार किया गया। उसके 10 साल के पुत्र आदित्य ने मुखाग्नि दी तो मौजूद हर शख्स की आंखें नम हो आई। डीएम प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव, एसपी चारु निगम ने भी गांव पहुंचकर शहीद को श्रद्धांजलि एवं अंतिम सलामी दी। इसके अलावा एसडीएम मनोज कुमार, तहसीलदार पवन कुमार, सीओ अजीतमल प्रदीप कुमार के साथ आर्मी के जवान व जन प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# ग्रामीणों ने मिट्टी खनन का किया विरोध, मानक से अधिक मिट्टी खोदने का आरोप

उन्नाव । खनन माफियाओं के हौसले दिन पर दिन बुलंद होते जा रहे हैं। किसानों की जमीन पर अनुमति कराने के बाद मानक के विपरीत मिट्टी खनन का कारोबार कर रहे हैं। आज अचलगंज थाना क्षेत्र के एक गांव के बाहर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण पहुंचकर खनन का विरोध जताया है। ग्रामीणों ने मिट्टी खनन को बंद करवाया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को समझाया बुझाया और उसकी जानकारी राजस्व विभाग को दी है। पुलिस ने खनन बंद कराने को लेकर चार दिन पहले ही प्रशासन को रिपोर्ट भेजी थी। जानकारी के अनुसार अचलगंज थाना क्षेत्र के आटा गांव के बाहर चार से पांच युवकों ने खनन कराने की



अनुमति जिला प्रशासन से करवाई थी। करीब दस दिन से चल रहे मिट्टी खनन के दौरान जेसीबी से मानक से कई गुना ज्यादा मिट्टी खोद डाली। जिससे आसपास के किसानों के खेतों की मिट्टी गड्ढों में जाने लगी। किसानों ने खनन कराने वाले लोगों से आपत्ति जताई तो कोई सुनवाई नहीं हुई। आज दोपहर गांव के 1 सैकड़ा से अधिक महिला और पुरुष हो रहे खनन स्थल पर पहुंचे और जेसीबी डंपर को रोक लिया हंगामा काटना शुरू कर दिया। हंगामे की सूचना पर चौकी इंचार्ज बदरका प्रेम नारायण सरोज मौके पर पहुंचे।

वहीं ग्रामीणों को समझाने बुझाने का प्रयास किया गया। चौकी इंचार्ज ने बताया कि स्थानीय निवासी अंकित ने खनन की अनुमति कराई थी। जिसको लेकर चार दिन पहले ही राजस्व विभाग के अधिकारियों को इसकी रिपोर्ट दे दी थी। आज मामले को शांत करा दिया गया है। खनन को पूर्णतया बंद करा दिया गया है अग्रिम आदेशों तक कोई भी काम नहीं कराया जाएगा।

## सर्पदंश से हुई महिला की मौत, परिवार में मचा कोहराम

श्रावस्ती । थाना मल्हीपुर क्षेत्र में सर्पदंश से महिला की मौत हो गई जिसके बाद पूरे परिवार में कोहराम मच गया जानकारी के अनुसार आपको बता दें कि थाना मल्हीपुर क्षेत्र के अंतर्गत खावा खुर्द निवासी जगराम पत्नी बीना देवी 28 वर्षीय सांप के काटने से मौत हो गई जानकारी के मुताबिक खावा खुर्द निवासी जगराम अपनी पत्नी और बच्चे के साथ अपने ही निजी घर में लेटे हुए थे तभी अचानक सांप ने आकर मृतक बीना के गर्दन में काट दिया जानकारी होने पर तुरंत को पीएससी मल्हीपुर ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत में ना सुधार होता देख डॉक्टरों ने जिला अस्पताल भिनगा के लिए रेफर कर दिया गया जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई, मौत की घटना से पूरे परिवार में कोहराम मचा हुआ है ।



# किसान गोष्ठी कार्यक्रम आयोजित कर विधायक ने किसानों को उपलब्ध कराई मुफ्त बीज किट

उन्नाव । सफीपुर विकास खंड सभागार में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत किसानों की गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्यातिथि भाजपा विधायक बंबा लाल दिवाकर ने किसानों को मुफ्त बीज किट वितरित किया। विधायक ने कहा कि सरकार किसानों को मुफ्त बीज उपलब्ध करा रही है। कार्यक्रम में 255 किसानों ने भाग लिया। इस मौके पर बीडीओ गुलाब चंद्र, एडीओ पंचायत छोटेलाल भी मौजूद रहे। विधायक बम्बा लाल ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के लिए सतत प्रयत्नशील है, जिसके लिए किसानों को खाद बीज सब्सिडी के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही है। किसानों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत गोष्ठी का आयोजन कर किसानों को बीज किट उपलब्ध कराई जा रही है।राजकीय बीज भंडार प्रभारी मुकेश सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा किसानों को 100 प्रतिशत सब्सिडी का बीज किट उपलब्ध कराया जा रहा है। किसानों को समय–समय पर केंद्र से गुणवत्ता युक्त बीज उपलब्ध कराया जा रहा है।



# फांसी के फंदे से लटका मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

हमीरपुर । गुरुवार सुबह एक युवक फांसी पर लटका मिला। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से युवक के बारे में जानकारी ली। इसके बाद पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। मामला सदर कोतवाली इलाके के मेरापुर गांव का है। यहां के सुरजन निषाद ने बुधवार रात पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। गुरुवार सुबह जब लोग उठे तो उनकी नजर पेड़ पर लटके सुरजन पर पड़ी। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतरवाया। इसके बाद जांच–पड़ताल की। परिजनों ने बताया कि सुरजन खेती–मजदूरी कर घर का खर्चा चलाता था। बुधवार रात खाना खाने के बाद वह कमरे में सोने चला गया था। गुरुवार सुबह ग्रामीणों ने उसका शव पेड़ पर लटके होने की सूचना दी। कोतवाली प्रभारी दुर्गविजय सिंह ने बताया की शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जांच पड़ताल की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



# 3500 किलोमीटर की पदयात्रा करेगी कांग्रेस, मोदी सरकार के खिलाफ करीब 150 दिन तक चलेगी भारत जोड़ो यात्रा

अक्टूबर महीने से कांग्रेस अपनी भारत जोड़ो यात्रा शुरू करने जा रही है जिसकी अगुवाई कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गाँधी करेंगे 3500 किलोमीटर की इस यात्रा की शुरुवात कन्याकुमारी से होगी, कांग्रेस पार्टी ने इस यात्रा के ज़रिये न सिर्फ राजनीतिक तौर पर खोई अपनी ज़मीन तलाशने की कोशिश करेगी बल्कि मोदी सरकार के विफलताओं को जनता के सामने रखेगी। भारत जोड़ो यात्रा की रुपरेखा को लेकर आज कांग्रेस के वॉर रूम में महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें भारत जोड़ो यात्रा समिति के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह, प्रियंका गाँधी, सचिन पायलट,अविनाश पांडे सहित कई नेता शामिल हुए । 2024 में आगामी लोकसभा चुनाव होना है और पार्टी यात्रा के ज़रिये जनता से संवाद स्थापित करना चाहती है, कांग्रेस पार्टी ने कई बार सार्वजनिक तौर पर ये बात मानी है की जनता के बीच कांग्रेस ने अपना कनेक्ट खो दिया है ,ये यात्रा उस कनेक्ट को फिर स्थापित करने में मदद करेगा. लेकिन इसके साथ ही




कांग्रेस ये भी मैसेज देना चाहती है की आज देश में जिस तरह धार्मिक उन्माद फैलाकर देश को तोड़ने का काम हो रहा है, कांग्रेस पार्टी देश को जोड़ने का काम कर रही है ।

राहुल गांधी इस यात्रा की अगुवाई करेंगे पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि राहुल गांधी इस पूरी यात्रा को पैदल ही कवर करना चाहते हैं। शुरुआत में उनका सुझाव था कि वह प्रतिदिन 30 किलोमीटर का सफर करेंगे, लेकिन फिर उन्हें कहा गया कि हर कोई इतना फिट नहीं है। इस यात्रा की योजना उदयपुर चिंतन शिविर के दौरान बनी।

इसी दौरान राहुल गांधी ने कहा कि इसे पार्टी का कार्यक्रम बनाते हैं।

## सौतेली मां को बेटे–बहू ने घर से निकाला, कोतवाल ने दिया सहारा

हरदोई । बुजुर्ग मां को उसके सौतेले बहू–बेटे ने उसे दर–दर की ठोकरें खाने के लिए घर से बे–घर कर दिया। बेसहारा मां को जब कहीं सहारा न मिला तो उसको पुलिस ही मददगार नजर आई। इसके बाद उसने कोतवाली का रूख किया। सण्डीला कोतवाल दिलेश सिंह ने मां की दर्दभरी दास्तां सुनी और फिर सौतेले बेटे को बुलाकर समझाया। जिसके बाद बेटा उसे अपने साथ ले गया।सण्डीला कोतवाली के पकरिहार गांव के चंद्रपाल ने तीन शादियां की थी। दो पत्नियों से तो उसे बच्चे थे लेकिन बुजुर्ग महेश्वरी के कोई औलाद नहीं थी। इसके बाद वह अपने सौतेले बेटे के भरोसे हो गई। बीते कुछ दिनों से बुजुर्ग महेश्वरी के प्रति बेटे और बहू का रवैया बेहद खराब हो गया था। कभी उन्हें छोटी छोटी बातों पर फटकारा जाता तो कभी खाने से भी दूर रखा जाता। हद तो तब हो गई जब उन्हें बेटे ने अपने घर से बाहर का रास्ता दिखा दिया। अब 72 साल की बुजुर्ग महेश्वरी बिना पति के बेसहारा हो गई थी। तब उसने कोतवाल दिलेश सिंह से मदद मांगी। बुजुर्ग मां की पीड़ा देख कोतवाल दिलेश सिंह ने पहले उन्हें खाना खिलाया। फिर उन्हें कुछ आर्थिक मदद भी दी। साथ ही कस्बा चौकी प्रभारी बालेन्द्र मिश्रा की अगुवाई में टीम तैयार कर उसे बुजुर्ग के गांव भेजा। उसके सौतेले बेटे को बुला कर कड़ी फटकार लगाई। इस पर सौतेले बेटे ने अपनी मां के पैर छुए और माफी मांगी। एसएचओ



दिलेश सिंह ने उसे मां–बाप की इज़्ज़त करना सिखाया। कहा कि अगर अपने मां–बाप की इज़्ज़त करोगे तभी खुद के बच्चे इज़्ज़त करेगे। इसके बाद बुजुर्ग महेश्वरी अपने घर जाने के लिए राजी हुई। जाते–जाते उसने झोली फैला कर दिलेश कुमार सिंह को बहुत सारी दुआएं दे डाली।